राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून/हैदराबाद 12 अक्टूबर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को हैदराबाद में स्थानीय महोत्सव ‘‘अलाई—बलाई’’ में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे सांस्कृतिक, राजनीतिक या सामाजिक मतभेदों के बावजूद, हम सभी अपनी परंपराओं से जुड़े हुए हैं और एक साथ आने से हम एक समुदाय की तरह और भी मजबूत होते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि जिस तरह दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, उसी तरह अलाईदृबलाई हमें विविधता में एकता और शांति व सद्भाव को अपनाने की प्रेरणा देता है। ऐसे उत्सव हमारे देश के समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की अनेकता में एकता की भावना को संजोए रखने के लिए हमें इन परंपराओं को जीवित रखना होगा।

............0............